# कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड

भवन संख्या 23, लेन नं0 03, शास्त्री नगर, हरिद्वार रोड़, देहरादून, 248001

Mail ID :**ukmssbdun@gmail.com**; Website : **www.ukmssb.org** Phone: **01352665366**

विज्ञप्ति संख्याः 29/2026 दिनांकः 02 जुलाई, 2026

## अस्सिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) परीक्षा– 2025

**उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों के अन्तर्गत असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 16 पदों (बैकलॉग सहित) पदों पर साक्षात्कार/अभिलेख सत्यापन हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों के अभिलेखों के सत्यापन उपरान्त सूचना**

उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा विज्ञापन संख्याः उ0चि0से0च0बो0/परी0/23/2024–25/521, दिनांकः 14 जुलाई 2025 के माध्यम से उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों के अन्तर्गत असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 16 पदों पर सीधी भर्ती हेतु जारी विज्ञापन के अनुक्रम में बोर्ड के पत्र संख्या– उ0चि0से0च0बो0/परी0/23/2024–25/396, दिनांक **15 मई 2026** द्वारा असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 16 पदों हेतु आयोजित लिखित परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंको का विवरण अनुक्रमांकवार अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित किया गया तथा चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड कार्यालय के पत्र संख्या– उ0चि0से0च0बो0/परी0/23/2024–25/429, दिनांक– **01 जून 2026** द्वारा साक्षात्कार/अभिलेख सत्यापन हेतु लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई थी।

अभिलेख सत्यापन में उपस्थित अभ्यर्थियों के अभिलेखों की जांच के उपरान्त कतिपय अभ्यर्थियों के दस्तावेजों में अभ्युक्ति अंकित की गई जिसकी सूचना बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट www.ukmssb.org पर अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रेषित की गई है।

बोर्ड कार्यालय द्वारा जारी अनर्ह अभ्यर्थियों की सूची के सम्बन्ध में यदि कोई अभ्यर्थी अपनी अभ्युक्ति के सापेक्ष कोई कथन लिखित रुप में देना चाहते हैं तो अपना प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारुप के साथ बोर्ड कार्यालय में ई–मेल ukmssbexam@gmail.com पर अथवा व्यक्तिगत रुप से निर्धारित प्रारुप के साथ स्वप्रमाणित साक्ष्य संलग्न कर **दिनांक 02 जुलाई 2026 से 05 जुलाई 2026 सांय 05.00 बजे तक** प्रस्तुत कर सकते हैं। **यह अंतिम अवसर है, उक्त के पश्चात् किसी भी माध्यम से प्राप्त प्रत्यावेदनों पर बोर्ड द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।**

ह0/–
(प्रदीप जोशी)
सचिव
उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड,
देहरादून।